# RAF SECTOR

## NEWS CLIP

30/01/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

**Prabhat Khabar (Jamtara,JKD.)**

### रैफ के जवानों ने की शांति समिति की बैठक

# क्षेत्र में आपसी सौहार्द बनाये रखने की अपील





बैठक करते रैफ के जवान व उपस्थित शांति समिति के सदस्य.

**प्रतिनिधि** ▷ नारायणपुर

नारायणपुर थाना प्रांगण में मंगलवार को शांति समिति सदस्यों के साथ रैप के जवानों ने सांप्रदायिक सौहार्द बनाये रखने को लेकर बैठक की. जिसमें क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल को बरकरार रखने पर जोर दिया गया. साथ ही बैठक में विभिन्न गांवों से पहुंचे शांति समिति के सदस्यों से आपसी भाईचारा को बढ़ाने के लिये भागीदारी निभाने की अपील की गयी. मौके पर कमांडेंट वीरेंद्र कुमार, मनोज कुमार, रंजीत कुमार, मो इदरीश अनवर, जयमंगल सिंह, मो अताउल, शेख सोहराब, उत्तम मंडल, टिकेत मनी सिंह, जयमंगल सिंह, ठाकुर मंडल सहित कई लोग उपस्थित थे.

## रैफ जवानों ने करमाटांड़ में किया फ्लैग मार्च



**विद्यासागर.** जमशेदपुर से 106 के रैफ (रैपिड एक्शन फोर्स) बटालियन के सैकड़ों जवान स्थानीय थाना करमाटांड़ पहुंच गये हैं. जहां करमाटांड़ थाना मे उनका स्वागत किया गया. वहीं आरएएफ 106 के बटालियन वीरेंद्र कुमार एवं एमके मुंडा ने करमाटांड़ थाना के एसआइ दिलीप कुमार सिंह के साथ बैठक की. वहीं दूसरी ओर दिलीप कुमार सिंह ने शांति समिति के सदस्यो के साथ बैठक की. जिसमे अपने बल का परिचय देते हुए कहा कि हमलोग विशेष परिस्थिति मे पहुंचते हैं. यह एरिया हमारे आरएफ जमशेदपुर के अंतर्गत मे आता है इसलिए हम जमशेदपुर से अपने बल के साथ करमाटांड़ थाना पहुंचे हैं. यहां एक साथ मिलकर हम सभी शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर छोटे-मोटी समस्या का निदान करेंगे. वहीं समाजसेवी महेंद्र मंडल ने कहा कि हम लोग यहां शांतिपूर्ण माहौल मे रहते हैं. कुछ भी छोटी-मोटी घटना होती है तो हमलोग समाज मे बैठकर उसका तुरंत निबटारा करते हैं. इसके बाद रैफ जवानो एवं स्थानीय थाना के जवानो ने संयुक्त रूप से क्षेत्र मे फ्लैग मार्च किया. जो काशीटांड़ रेलवे फाटक क्रॉसिंग करते हुए सीताकाटा गांव पहुंची. जहां दोनो समुदाय के लोग रहते हैं. उस गांव का फ्लैग मार्च करते हुए गुलाब राय गुटगुटिया हाइ स्कूल रोड, सुभाष चौक, करमाटांड़ करी रोड, बेसिक स्कूल तक पहुंची. वहां से वापस होते हुए फुटओवर ब्रिज पार कर गणपति महतो चौक, शवलपुर गांव, कठबरारी गांव पहुंची. इस दौरान जवानों ने लोगों से गांव में शांति बनाये रखने की नसीहत दी. कहा कि समाज में बाल-बच्चों को अच्छी तालीम दें.

Hindustan (Jamtara,JKD)

# शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने की लोगों से अपील

भास्कर न्यूज़ | मुरलीपहाड़ी

नारायणपुर थाना क्षेत्र में आपसी तालमेल और शांतिपूर्ण वातावरण में रैफ (आरएएफ) द्वारा शांति समिति की बैठक आयोजित कर लोगों में जागरूकता फैलाने का कार्य किया। इस बैठक में कमांडेंट विरेन्द्र कुमार, मनोज कुमार सिंह, रंजीत कुमार मुख्य रूप से उपस्थित होकर शांति समिति के सदस्यों के साथ विभिन्न तरह की बातों को लेकर चर्चा किया। सौहार्दपूर्ण वातावरण का परिचय देते हुए कमेटी के लोगों के साथ कमांडेंट विरेन्द्र कुमार ने कई अहम पहलुओं को उदाहरण के तौर पर समझाया। रैफ के कमांडेंट विरेन्द्र कुमार ने बताया कि हमारा उद्देश्य क्षेत्र मे शांतिपूर्ण माहौल को बरकरार रखना है। ताकि आम जनता भय मुक्त माहौल में खुशनुमा जीवन व्यतीत कर सके। उन्होंने लोगों से कहा कि सांप्रदायिक सौहार्द बनाने के लिये जागरूकता रैफ द्वारा नारायणपुर के सभी इलाकों में जागरूकता लाई जा रही है। जिसमें शांति समिति के सदस्यों को भी अहम भूमिका अदा करनी चाहिए ताकि समाज में फैली भ्रांतियों को दूर किया जा सके। कहा कि कहीं से कोई दंगा फसाद या अन्य तरह की बातों पर भी विशेष रूप से चर्चा किया गया। अफवाहों से बचने की सलाह दी गयी। मौके पर शांति समिति के ठाकुर मंडल, टिकैतमणी सिंह, राघवेंद्र नारायण सिंह, जयमंगल सिंह, मो अताउल, शेख सोहराब, मो इदरीश आदि थे।




शांति समिति की बैठक में शामिल रैफ के कमांडेंट व स्थानीय लोग।

**Dainik Jagran (Jamtara,JKD)**

# करमाटांड़ व नारायणपुर में रेफ ने किया फ्लैग मार्च



ग्रामीणों के साथ शांति समिति की बैठक करते कमांडेंट वीरेन्द्र कुमार • जागरण

**संवाद सूत्र, करमाटांड़ :** करमाटांड़ थाना प्रांगण में जमशेदपुर की 106 बटालियन (आरएएफ) द्रुत कार्य बल के जवानों एवं स्थानीय ग्रामीणों के साथ शांति समिति की बैठक मंगलवार को सहायक समादेष्टा कमांडेंट वीरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में की गई। सहायक कमांडेंट कुमार ने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था को बनाए रखने के लिए जवान विभिन्न क्षेत्रों में फ्लैग मार्च कर लोगों को जागरूक करेगा। बताया कि कुछ असामाजिक तत्व के लोग क्षेत्र में सौहार्दपूर्ण वातावरण को बिगड़ने का काम करते हैं। ऐसे में गांव के विशिष्ट लोगों को किसी नेता व अन्य किसी के बहकावे में नहीं आकर आपस के झगड़े को सुलह- समझौता से सलटा लेना चाहिए।

उन्होंने बताया कि द्रुत कार्य बल के जवान वैसी जगहों पर तुरंत पहुंचते हैं, जहां माहौल बिगड़ने की संभावना होती है। करमाटांड़ के कई ऐसे गांव जहां पूर्व में कुछ आपस के झगड़े के कारण सौहार्द बिगड़ा है। अब वैसी करतुत नहीं होनी चाहिए। इसके लिए सभी समुदाय के लोग आपस में मिलजुल कर रहें। शांति समिति की बैठक के बाद द्रुत कार्य बल ने बाजार में फ्लैग मार्च किया। मौके पर बटालियन के निरीक्षक एसके मुंड, प्रभारी थाना प्रभारी दिलीप कुमार सिंह, एसआई डीके सिंह, ग्रामीणों में महेंद्र मंडल धनंजय मंडल समसुद्दीन अंसारी समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे। इधर नारायणपुर थाना क्षेत्र में भी शांति समिति की बैठक एवं फ्लैग मार्च निकाला गया। इस मौके पर आरएएफ के सहायक कमांडेंट विरेंद्र कुमार, एएसआइ मनोज कुमार, रंजीत कुमार, ठाकुर मंडल, टिकैतमणि सिंह, जयमंगल सिंह, दिलीप पोद्दार, विनोद सिंह, मो. इदरीश, सोहराब सेख आदि उपस्थित थे।

**Amar Ujala (Prayagraj,UP)**



# चाक चौबंद रही व्यवस्था, कमांडो ने की निगरानी

कुंभ नगर। मेले में कैबिनेट की बैठक से लेकर वीआईपी भ्रमण के दौरान पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था रही। मंगलवार तड़के से ही फोर्स को तैनात कर दिया गया था। एडीजी जोन एसएन साबत की अगुवाई में पुलिस अधिकारी व्यवस्था को संचालित करते रहे। सेंट्रल पैरा मिलिट्री फोर्स के कमांडो की निगरानी में सुरक्षाकर्मी तैनात रहे। सीएम तथा कैबिनेट के अन्य मंत्रियों की सुरक्षा में सेंट्रल पैरा मिलिट्री की 17 कंपनियां तैनात रहीं। इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर, संगम, हनुमान मंदिर और अक्षयवट के पास से कमांडो तैनात रहे। सारे कार्यक्रम को 12 जोन में बांटकर सभी की जिम्मेदारी एक एसपी को दी गई थी। 30 डीएसपी, 225 दरोगा, 60 इंस्पेक्टर के अलावा डेढ़ हजार कांस्टेबिल के अलावा तकरीबन एक हजार होमगार्डों की तैनाती भी की गई थी। इन सबके अतिरिक्त पीएसी, एटीएस, बीडीडीएस और एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की कंपनियां भी मुस्तैद रहीं। जल पुलिस और एनडीआरएफ के गोताखोर संगम पर पानी में तैनात थे।

## Photos of Deployment/Fam-Ex Of RAF









**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**